देयं भाग रद्धित

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
(नियोजन–2)
उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग,देहरादून।
Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttrakhand
Phone&Fax:-0135-2530467,2530431 E-Mail-cepwdua@rediff.com
Web-http://govt.ua.nic.in/pwd

पत्रांक– 234/13 सी0आर0एफ0–नि0–2/2023 दिनांक 17/02/2023

कार्यालय ज्ञाप

मै0 आर0जी0 बिल्डवैल इंजीनियर्स लि0, बी0–30 आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी ए में पंजीकरण का नवीनीकरण दिनांक 30.06.2024 तक किया गया था। केन्द्रीय सडक निधि 2018–19 के अन्तर्गत जनपद पौडी गढवाल में घट्टूगाढ–सिलोगी–चैलूसैण–गुमखाल–लैन्सडाऊन – रिखडीखाल–बीरोंखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 0.00 से 75.406 तक सुदृढीकरण कार्य हेतु मै0 आर0जी0 बिल्डवैल इंजीनियर्स लि0, बी0–30 आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के पक्ष में अनुबन्ध संख्या–02/एस0ई0–एन0एच0–10/2020–21 दिनांक 01.06.2020 गठित किया गया, जिसकी कार्य समाप्ति की तिथि 31.08.2021 थी। ठेकेदार के द्वारा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में फर्म के विरूद्ध रू0 1,79,998.00 मात्र का अर्थदण्ड अध्यारोपित कर दिनांक 31.12.2021 तक समयवृद्वि स्वीकृत की गयी थी। कार्य की धीमी प्रगति एवं कार्यस्थल पर पर्याप्त मात्रा में यंत्र–संयत्र एवं श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित न किये जाने पर अधीक्षण अभियन्ता 10वां रा0मा0वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून के पत्रांक–6398/128 याता (1) रा0मा0 – 10/2021 दिनांक 23.12.2021 द्वारा अनुबन्ध की शर्तानुसार जी0सी0सी0 के प्रस्तर 9.2 के अन्तर्गत फर्म के परियोजना प्रबन्धक को कार्यस्थल से हटाये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया था। फर्म को अधिशासी अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, धुमाकोट के विभिन्न पत्रों के माध्यम से अनुबन्धित कार्यो की प्रगति को बढाने एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य सम्पादन के लिये अनेकों बार निर्देशित किया गया, परन्तु फर्म मै0 आर0जी0 बिल्डवैल इंजीनियर्स लि0, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के द्वारा समयान्तर्गत अपेक्षित प्रयास नही किये गये अपितु इस मध्य मार्ग के कुछ प्रभागों में गुणवत्ता विहीन कार्य सम्पादित किये जाने पर अधिशासी अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, धुमाकोट के द्वारा रू0 70.00 लाख की धनराशि को अष्टम् चालू देयक से Withheld किया गया।

अतः उक्त प्रकरण पर अधिशासी अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, धुमाकोट के पत्र दिनांक 21.01.2023 द्वारा वर्तमान तिथि तक कार्य की भौतिक प्रगति 82 प्रतिशत को दृष्टिगत रखते हुए की गयी संस्तुति पर मुख्य अभियन्ता स्तर–1, राष्ट्रीय राजमार्ग, लो0नि0वि0, देहरादून का पत्रांक 833/55रा0मा0 दिनांक 16.02.2023 द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर सम्बन्धित फर्म द्वारा अपने अनुबन्धित दायित्वों को समयान्तर्गत पूर्ण न करने पर एवं गुणवत्ता विहीन कार्य सम्पादित किये जाने का दोषी मानते हुये मै0 आर0जी0 बिल्डवैल इंजीनियर्स लि0, बी0–30 आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु निविदा में प्रतिभाग न किये जाने हेतु पत्र निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष हेतु Debar किये जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते है।

आज्ञा से
प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता, नियोजन / अधिष्ठान विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
3. मुख्य अभियन्ता, क्षेत्रीय / रा0मा0 / पी0एम0जीएस0वाई0 / ए0डी0बी0 / वर्ल्ड बैंक लोक निर्माण विभाग..................
4. अधीक्षण अभियन्ता.............वां वृत्त, लोक निर्माण विभाग..............................।
5. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय / निर्माण / अस्थाई / रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0...।
6. अधिशासी अभियन्ता, आई0टी0 विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को विभागीय वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
7. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विधि प्रकोष्ठ वर्ग विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0 देहरादून।
8. मै0 आर0जी0 बिल्डवैल इंजीनियर्स लि0, निवासी–बी0–30 आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ।
9. गार्ड पत्रावली हेतु।

17/2/23

(इं0 हरीश पांगती)
कार्यवाहक मुख्य अभियन्ता (नियो0)